RAF SECTOR
NEWS CLIP
20/07/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar , Jamshedpur (JKD)

106 बटालियन ने किया पौधरोपण

जमशेदपुर. 106 बटालियन सीआरपीएफ जमशेदपुर कैंप परिसर में कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के निर्देशन पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया. उप कमाडेंट के नेतृत्व में बल के लगभग के 200 कार्मिकों द्वारा मानव श्रृंखला बना कर पौधरोपण किया गया. कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सकारात्मक कार्य करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि स्वच्छ रखने के लिए सिर्फ वृक्ष ही नहीं लगाना है. बल्कि उसकी सुरक्षा करने का दायित्व लेना चाहिए.

Dainik Jagran , Meerut (U.P)

तकनीक **आरएएफ द्वारा दो अगस्त तक शिविर में दिया जाएगा प्रशिक्षण**

भीड़ का मनोविज्ञान समझेगी दिल्ली पुलिस

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरएएफ द्वारा दिल्ली पुलिस के जवानों को आधुनिक हथियारों के साथ-साथ भीड़ के मनोविज्ञान का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। सोमवार से शुरू किया गया यह प्रशिक्षण दो अगस्त तक चलेगा।

दिल्ली सशस्त्र पुलिस के 75 कार्मिकों को भीड़ नियंत्रण, लोक व्यवस्था प्रबंधन के सभी तकनीकी पहलुओं के साथ आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीक से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा जवानों को पुलिस-पब्लिक व्यवहार, सांप्रदायिक प्रभाव, फायर फाइटिंग तकनीक, नए विशेष उपकरणों से परिचय के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर के इलाकों से संबंधित केस स्टडीज के बारे में पढ़ाया जाएगा। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस के जवानों के लिए चलाया जाने वाला यह तीसरा कोर्स है। शुभारंभ के अवसर पर उपकमांडेंट हरिश चंद्र सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार, सहायक कमांडेंट गोविंद सिंह नेगी व अजीत कुमार उपस्थित रहे।



आरएएफ द्वारा लगाए गए शिविर में प्रशिक्षण लेते दिल्ली पुलिस के जवान • जागरण

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।